समाचार

ब्राइट पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया महापौर ने

कोरबा 04 जुलाई 2019 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज पाड़ीमार बालकोनगर में नवसंचालित ब्राइट पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया, उन्होने विद्यालय के संचालकों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ज्ञान ज्योति शिक्षण समिति बालको नगर कोरबा द्वारा पाड़ीमार बालको में ब्राइट पब्लिक स्कूल का संचालन प्रारंभ किया गया है, आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए स्कूल का उद्घाटन किया। उन्होने मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्पमाला का अर्पण व दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन समारोह का शुभारंभ कराया, इस मौके पर उन्होने फीता काटकार स्कूल का विधिवत उद्घाटन किया तथा विद्यालय संचालकों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षण समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य श्रीमती इंदु शर्मा, कृतिनारी साहित्य समिति की अध्यक्ष डॉ.चन्द्रावती नागेश्वर तथा चेम्बर आफ कामर्स बालको के अध्यक्ष सुमेर डालमिया ने अपनी उपस्थिति दी। उद्घाटन समारोह के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य इंदिरा कौशिक, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कुसुम द्विवेदी, ए.डी. जोशी, अजय गुप्ता, पी.के. पाटले, टी.के. भास्कर, दुष्यंत शर्मा आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।